भोले के चरणों में ध्यान अपना लगा ले

भोले के चरणों में ध्यान अपना लगा ले,
सुखदाई है ये नाम जप रे मन रात दिन,
बोलो बम बम बोलो हर हर बम बम बोलो।।

अंग भभूति रमाये है,माथे पे चंदा सुहाए है,
गंगा जटाओ में समाये है, विषधर गले में लिपटाये है,
भोले के चरणों में ध्यान अपना लगा ले

कोई उनको अविनाशी कहता है,
कोई भोले ही भोले जपता है,
मान जाये बस थोड़ी भक्ति से,
भोले भक्तो के अंग संग रहता है,
भोले के चरणों में,ध्यान अपना लगा ले

नाम भोले का जो भी गायेगा,
बिगड़ी पल में बाबा बनाएगा,
सुनते है सबकी विनती भोले जी,
नैया तो भव से पार लगाएगा,
भोले के चरणों में,ध्यान अपना लगा ले,

भोले का डमरू डम डम डम बोले,
ओढ़े बाघंबर खाये भंग गोले,
तू भी 'सरल' भोले का होले,
'लख्खा' जीवन में ना डोले,
भोले के चरणों में,ध्यान अपना लगा ले

स्वर : लखबीर सिंह लक्खा

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/4706/title/bhole-ke-charno-me-dhyan-apna-laga-le-sukhdai-hai-ye-naam-jap-re-man-raat-dim

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |